

यूपीईएस यूनिवर्सिटी के स्कूल आफ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी की ओर से आयोजित वर्ल्ड फार्मेसिस्ट-डे पर हिमालयन वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डा एस फारुख, विवि की डीन डा .पदमावती वेंकटसुब्रमण्यन पत्रिका का विमोचन करते हुए • सौजन्य यूपीईएस

# इनोवेशन से फार्मा क्षेत्र में अग्रणी बनेगा भारत : डा . फारुख

**जागरण संवाददाता, देहरादून** : यूपीईएस विश्वविद्यालय में वर्ल्ड फार्मेसिस्ट-डे पर हिमालयन वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डा. एस फारुख ने कहा कि भारत फार्मास्युटिकल उद्योग में प्रमुख स्थान रखता है। दवा उत्पादन के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। हालांकि हम फार्मा उत्पादों की गुणवत्ता के मामले में विश्व में 14वें स्थान पर हैं। यदि हमें इसमें तरक्की करनी है तो नवाचार को बढ़ावा देना होगा।

विवि के बिधौली परिसर में यूपीईएस स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी ने वर्ल्ड फार्मेसिस्ट-डे पर फार्मेसिस्टों के अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूपीईएस स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलाजी की डीन डा. पदमावती वेंकटसुब्रमण्यन ने कहा कि कोविड के दौरान और उसके बाद फार्मेसिस्टों के महत्वपूर्ण भूमिका को महत्व दिया जा रहा है। खासकर ग्रामीण भारत में जहां वे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के रूप में कार्य करते हैं। डाक्टरों का ग्रामीण बीमारियों और दवाओं के बारे में व्यापक ज्ञान महत्वपूर्ण है। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।